# जनसत्ता (Jansatta)

| दिनाँक (Dated): 13.11.2024 | पृष्ठ सं० (Page No). 08 | क्रम सं०(Serial No.) 16 |
|---|---|---|

## सरकार ने सीआइएसएफ में पहली महिला रिजर्व बटालियन को मंजूरी दी

नई दिल्ली, 12 नवंबर (जनसत्ता संवाददाता)।

केंद्र सरकार ने हवाई अड्डों और अन्य महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों पर बल की बढ़ती तैनाती को ध्यान में रखते हुए सीआइएसएफ (केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल) में 1,000 से अधिक कर्मियों वाली पहली महिला रिजर्व बटालियन को मंजूरी दी है। अधिकारियों ने बताया कि इस इकाई का गठन बल की स्वीकृत जनशक्ति में से किया जाएगा। उन्होंने बताया कि सीआइएसएफ में लगभग दो लाख स्वीकृत कर्मी हैं। उन्होंने बताया कि केंद्रीय गृह मंत्रालय ने इस सप्ताह एक मंजूरी आदेश जारी किया, जिसमें एक वरिष्ठ कमांडेंट रैंक अधिकारी के नेतृत्व में कुल 1,025 कर्मियों के साथ बल में एक विशेष महिला रिजर्व इकाई को मंजूरी दी गई।